हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025



# तीन जिलों में 819 करोड़ लोन रिकवरी का टारगेट, अब तक 140 करोड़ वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ सीजन की खेती के लिए कर्ज लेने वाले किसानों से वसूली का काम भी शुरू हो गया है। जिलेभर में अपना धान सरकार को बेचने पहुंच रहे किसानों से लिंकिंग के जरिये कर्ज वसूली की जा रही है। तीन जिलों में 819 करोड़ रुपए का ऋण वसूला जाना है। जिसके मुकाबले पहले 20 दिनों में महज 140 करोड़ रुपए ही वसूला जा सका है। हालांकि अब तक धान बेचने वाले किसानों का आंकड़ा भी कम रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में किसानों से कर्ज वसूली में तेजी आने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि हर साल शासन स्तर से किसानों को खेती के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा सहकारी समितियों के जरिये दी जाती है। किसान भी अपनी लिमिट के अनुसार खरीफ एवं रबी सीजन के लिए कर्ज लेता है। इस बार अविभाजित राजनांदगांव जिले के सवा दो लाख से अधिक किसानों ने 819 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। बताया गया कि कर्ज लेने वाले किसानों से सीधे वसूली धान बिक्री के बाद होने वाले भुगतान से कर ली जाती है। वहीं जो किसान धान बिक्री नहीं करता है, उसके पास 31 मार्च तक का समय अपने लोन की अदायगी के लिए होता है। हालांकि केंद्र सरकार के नियम के अनुसार किसानों को 60 फीसदी कर्ज नगद एवं 40 प्रतिशत कर्ज वस्तु के रुप में देना होता है। परन्तु जिले में इस नियम को दरकिनार कर अधिक मात्रा में नगद के रुप में कर्ज का वितरण कर दिया गया है। इसको लेकर पिछले साल जांच भी हुई थी।

## 60 फीसदी नगद एवं 40 प्रतिशत वस्तु के लिए ऋण वितरण का नियम, जिले में वह भी दरकिनार

### नांदगांव में 80 करोड़ वसूला

अविभाजित राजनांदगांव जिले में जहां 819 करोड़ के ऋण में से 140 करोड़ रुपए का कर्ज वसूला गया है। इसमें जिलेवार आंकड़ा देखा जाए तो राजनांदगांव जिले में 422.97 करोड़ में से 79.85 करोड़ वसूला जा चुका है, जो लगभग 19 फीसदी है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 283 करोड़ के मुकाबले 16 फीसदी यानि 46 करोड़ ऋण वसूला गया है। मोहला-मानपुर जिले में 113 करोड़ ऋण के बदले अब तक महज 14 फीसदी यानि 15.50 करोड़ ही ऋण लिया गया है।




### अदायगी नहीं तो होंगे डिफाल्टर

सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अल्पकालिक फसल ऋण पर ब्याज-मुक्त सुविधा मिलती है, बशर्ते ऋण का भुगतान निर्धारित समय पर किया जाए। किसानों को कर्ज जमा करने की अंतिम तारीख मार्च तक निर्धारित रहती है। इसके बाद कर्ज जमा नहीं करने वाले किसानों पर 1 अप्रैल से 14.25 प्रतिशत ब्याज लगाना शुरू कर दिया जाता है। वहीं पूरी राशि जमा करने के बाद ही किसान खाद, बीज लेने के लिए पात्र किए जाते हैं। समय पर ऋण नहीं देने वाले किसान डिफाल्टर की श्रेणी में आ जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### जगनाडे महाराज की 401वीं जयंती 8 को



**राजनांदगांव।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज के संत आराध्य देव जगनाडे महाराज की जयंती 8 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मोटर साइकिल रैली और पूजा-अर्चना आरती का कार्यक्रम रखा गया है। मोटर साइकिल रैली श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर स्वर्गधाम इंदिरा सरोवर लोहारपारा से सुबह 9.30 बजे निकलकर नगर भ्रमण करते स्टेशनपारा स्थित सामाजिक भवन परिसर में समाप्त होगी। तत्पश्चात सुबह 11 संत महाराज की पूजा-अर्चना व महाआरती का कार्यक्रम होगा। समाज के सचिव चंद्रशेखर बनवाकर, उपाध्यक्ष संतोष समरीत व कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी ने समाज के सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है। उक्त जानकारी समाज के अरुण घाटोडे व अभिषेक गिरेपुंजे ने दी।

### भीम के नाम रक्तदान का आयोजन कल




**राजनांदगांव।** बौद्ध कल्याण समिति (बौद्ध समाज) राजनांदगांव के तत्वाधान में इस वर्ष भी महामानव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर भीम के नाम रक्तदान का आयोजन किया गया है।

बौद्ध समाज के सह-सचिव एवं प्रवक्ता विनोद श्रीरंगे ने बताया रक्तदान शिविर का मुख्य प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता संदीप कोल्हाटकर को बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में रक्तवीर भीम के नाम रक्तदान के डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को आदरांजलि अर्पित करेंगे। प्रवक्ता श्रीरंगे ने बताया कार्यक्रम सुबह 9 बजे कलेक्टरेट परिसर में स्थापित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर आदरांजलि अर्पित की जाएगी। सुबह 10 से 5 बजे तक भीम के नाम रक्तदान किया जाएगा । यह जानकारी विनोद श्रीरंग द्वारा दी गई।

## सीएम से मिले जिले के जमीन कारोबारी, नियम बदलने सौंपा ज्ञापन

# नई गाईड लाइन का असर: रजिस्ट्री में 50% गिरावट, पुराने सौदे हो रहे रद्द!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की नई गाईड लाइन लागू होने से रजिस्ट्री में 50 प्रतिशत गिरावट आई है। राजनांदगांव पंजीयन कार्यालय में सामान्य दिन में औसतन प्रतिदिन 80 से अधिक रजिस्ट्री होती थी, लेकिन नई गाईड लाइन लागू होने के बाद अलग-अलग क्षेत्र में जमीन की कीमतें बढ़ने से रजिस्ट्री में औसतन आधी गिरावट आई है। यह आंकड़ा पंजीयन कार्यालय से मिला है। वहीं जिलेभर में भी जहां पंजीयक दफ्तरों में लोगों का जमावड़ा लगा रहता था, अब गिनती के लोग ही पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं, बल्कि नई गाईड लाइन के पहले हुए सैकड़ों सौदे भी दर में वृद्धि के चलते रद्द हो रहे हैं। जिसका सीधा असर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों की आय पर दिखाई दे रहा है। हालांकि जिले के जमीन कारोबारियों ने इस मामले में सीएम विष्णुदेव साय को ज्ञापन भी सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में जमीन की कीमत को लेकर लाई गई नई गाईड लाइन 20 नवंबर से लागू है। इस गाईड लाइन के लागू होने का असर पहले दिन से रजिस्ट्री पर पड़ना शुरू हो गया है। राजनांदगांव पंजीयन कार्यालय में शुरूआती एक सप्ताह सन्नाटा पसरा रहा। उन सात दिनों में सौ से भी कम रजिस्ट्री देखने को मिली। जबकि पहले एक सप्ताह में साढ़े तीन सौ से पांच सौ तक रजिस्ट्री हफ्तेभर में होती रही है।

### खास बातें

- जिले में अब तक पांच सौ से भी कम रजिस्ट्री ही
- राजनांदगांव शहर में अब तक 218, डोंगरगढ़ में 79, छुरिया में 68 और डोंगरगांव में अब तक 101 रजिस्ट्री




### सीएम को ज्ञापन सौंपकर राहत की मांग

शहर के जमीन कारोबारियों ने मंगलवार को मोहला-मानपुर जिले के दौरे में पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। सीएम साय से मिलकर जमीन कारोबार से जुड़े प्रतिनिधियों ने जहां अपनी दिक्कतें बताई। वहीं राहत की मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सीएम को सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वाले जमीन कारोबारियों ने बताया कि सीएम ने भी जल्द राहत का आश्वासन देते सकारात्मक निर्णय लिए जाने की बात उनसे कही है। सीएम से मिलने के बाद हालांकि जमीन कारोबारियों को भी राहत की उम्मीद बढ़ गई है।

### रजिस्ट्री भी हो रही कैंसिल

जमीन की दरें बढ़ने के कारण एक ओर जहां रजिस्ट्री कम हो रही है। वहीं कई लोगों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी कैंसिल कराया है। सूत्रों के अनुसार जिले में नई गाईड लाइन लागू होने के बाद से ही ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने वालों में लगभग 25 से 30 लोग अपॉइंटमेंट कैंसिल करा चुके हैं। हालांकि विभागीय अधिकारी कुछ रजिस्ट्री अलग-अलग कारण से कैंसिल कराने की बात कह रहे हैं। इसमें दस्तावेजों की कमी भी एक कारण बताया गया है।

### साफ्टवेयर अपडेट नहीं

जमीन की नई दरों को लेकर नई गाईड लाइन लागू कर दी गई है, लेकिन अभी तक पंजीयन विभाग के अनुसार साफ्टवेयर को अपडेट नहीं किया जा सका है। अधिकारियों का कहना है कि साफ्टवेयर को अपडेट करने का काम जारी है, जो कुछ दिनों में हो जाएगा। इधर साफ्टवेयर के अपडेट नहीं हो पाने के कारण रजिस्ट्री के दौरान उप पंजीयकों द्वारा लोगों को मैनुअल प्रक्रिया की जा रही है।

### एक माह बाद दिखेगा ज्यादा असर

इधर रजिस्ट्री कराने का कार्य करने वाले कुछ अर्जीनवीशो ने बातचीत में बताया कि नई गाईड लाइन को लागू हुए कुछ दिन ही हुए हैं। इसके कारण इसका असर अभी कम देखा जा रहा है। इनमें वकील ने बताया कि नई गाईड लाइन लागू होने से पहले कई बिल्डर सहित आम लोग प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री का सौदा कर चुके हैं। इन दिनों जो रजिस्ट्री हो रही है, उनमें ज्यादातर ऐसे ही मामले हैं। उन्होंने बताया कि कई रजिस्ट्री नई दर के लागू होने के बाद कैंसिल भी हो चुकी है। मेरे संज्ञान में ही ऐसे आधा दर्जन मामले आ चुके हैं। जमीन की दरें बढ़ने के कारण आगामी दिनों में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री पर खासा असर पड़ेगा, क्योंकि इसका सबसे ज्यादा प्रभाव आम लोगों पर पड़ेगा। जिसके लिए प्रॉपर्टी खरीदने से लेकर रजिस्ट्री कराना भारी महंगा पड़ेगा।

# खपाने के लिए किसान को दिया 140 क्विं. धान मिनी राईस मिल सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में कोचियों के खिलाफ जारी अभियान के बीच मेढ़ा में एक मिनी राईस मिल के खिलाफ भी सील करने की कार्रवाई की गई है। बताया गया कि मिनी राईस मिल संचालक द्वारा किसान के जरिये 140 क्विंटल धान खपाने की कोशिश की जा रही थी। वहीं प्रशासन की एक टीम ने उक्त मिनी राईस मिल में दबिश देकर जांच भी शुरूकर दी है। जिसमें भी धान जब्त कर लिया गया है।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मेढ़ा समिति से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक किसान के जरिये मेढ़ा स्थित लक्ष्मी राईस मिल के संचालक पुरुषोत्तम देवांगन द्वारा 140 क्विंटल धान खपाने की कोशिश की जा रही थी। जिसकी पूर्व सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम ने तत्काल एक्शन लेते हुए जहां 140 क्विंटल धान को जब्त कर लिया। वहीं राईस मिल को सील भी कर दिया है।

इधर प्रशासनिक अफसरों की टीम ने जिले के तुमड़ीबोड़ स्थित धान खरीदी केंद्र में दबिश दी है। खरीदी प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग साढ़े छह बजे 30 सदस्यीय टीम ने खरीदी केंद्र में पहुंचकर अपना सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है। बताया गया कि इस कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम रैंक के अफसर कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इससे पहले भी घुमका खरीदी केंद्र में प्रशासन की टीम ने सत्यापन का कार्य किया था। जिसमें बड़ी मात्रा में गड़बड़ी सामने आई थी। ऐसे में अब तुमड़ीबोड़ में भी जांच पड़ताल के बाद बड़ा खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

### जांच से हड़बड़ाया व्यापारी, 79 एकड़ का समर्पण

प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई से हड़बड़ाकर एक व्यापारी ने अपने 79 एकड़ का रकबा समर्पण कर दिया है। बताया गया कि इतने रकबे में लगभग 1659 क्विंटल धान बेचा जाता, जो कि लगभग 51 लाख रुपए का होता। ज्ञात हो कि जिले में लगातार रकबा समर्पण कराने की प्रक्रिया की जा रही है।

# जनप्रतिनिधियों की सहमति से निकल गया फेंसिंग तार, गौठान में हुआ घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



लाल बहादुर नगर के नगर पंचायत अंतर्गत रामायण पथरा में हुए वृक्षारोपण स्थल से फेंसिंग तार निकाले जाने के मामले में बीते दिनों पूर्व उपसरपंच द्वारा सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शिकायत की गई थी। वहीं अब इस मामले में नगर पंचायत क्षेत्र के आधा दर्जन पार्षदों सहित अध्यक्ष ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से जनप्रतिनिधियों की सहमति से फेंसिंग तार निकालकर गौठान परिसर में लगाने की जानकारी दी है।

नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, सभापति राजेन्द्र देवांगन, पार्षद प्रीति ताम्रकार, रमेश यादव, योगेश साहू, मोरध्वज साहू, रामजी साहू, ग्राम प्रमुख मनसुख राम साहू, ग्राम पटेल हुकुमचंद साहू सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा कि नगर पंचायत लाल बहादुर नगर क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्ग में आवारा पशु भ्रमण करते हैं। जिससे आमजन को आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर ग्रामीणों से चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि रामायण पथरा में वृक्षारोपण हेतु फेंसिंग किया गया था।

⏩ शेष पेज 14 पर

# ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत, एफआईआर भी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




बाइक में सवार होकर जा रहे दो लोगों को ट्रक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरनाला कला वार्ड 7 निवासी कांशीराम सिन्हा 45 वर्ष अपने भतीजे के साथ 3 दिसंबर को बाइक में सवार होकर सुबह अपने ससुराल सहसपुर दल्ली जाने के लिए घर से निकला था। वह ग्राम देवकट्टा रोड पुल के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रही ट्रक के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही से चलाकर बाइक सवारों को ठोकर मार दिया।

### चालक के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार इस घटना में कांशीराम सिन्हा को गंभीर चोंट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक सवार अन्य के पैर और हाथ में चोंट आया है। वहीं बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी रामचंद्र ने दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश बाद राज्य के मुख्य सचिव ने सभी निकायों को दिए निर्देश

# स्कूल, अस्पताल और बस स्टैंड में रोके आवारा कुत्तों का प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ में अब सभी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, स्टेडियम, बस स्टैंड एवं खेल मैदानों में आवारा कुत्तों का प्रवेश रोका जाएगा। यह निर्देश राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिया गया है।

दरअसल आवारा कुत्तों के खतरनाक हमलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का राज्य में पालन कराने के लिए मुख्य सचिव ने यह निर्देश दिए हैं। यही नहीं राज्य के नगरीय निकायों से यह भी कहा गया है कि छह सप्ताह में इन सभी स्थानों पर बांउड्रीवाल, गेट और अन्य अधोसंरचना का निर्माण किया जाए, ताकि यहां आवारा कुत्तों का प्रवेश रोका जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने एक स्वतः संज्ञान प्रकरण में सुनवाई के बाद आवारा कुत्तों के मामले में अंतरिम निर्णय पारित किया है। इसके पालन में संस्थागत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, राष्ट्रीय एक्सप्रेस-वे में आवारा गोवंशीय एवं अन्य पशुओं के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली बैठक में विचार-विमर्श कर निर्देश को राज्य में लागू करने के लिए विचार किया गया। समस्त नगरीय निकाय में वार्डवार आवारा कुत्तों के लिए भोजन स्थल चिन्हांकित करें। चिन्हांकित भोजन स्थल का प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे उक्त स्थल में ही भोजन उपलब्ध हो सके। बड़े वार्ड होने पर एक से अधिक स्थानों पर भोजन स्थल चयन किया। पेट्रोलिंग का अभियान चलाया जाकर आवारा पशुओं का व्यवस्थापन किया जाए। यही नहीं हेल्पलाइन 1033, 1100 पर इस संबंध में कोई शिकायत आए तो 72 घंटे में उसका निराकरण करना होगा।

### निकायों को निर्देश जारी

मुख्य सचिव की बैठक में दिए गए निर्देश के हवाले से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ के लिए आदेश जारी किया गया है। निकायों से कहा गया है कि 3. सभी चिन्हित संस्थानों (सभी शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, स्टेडियम, बस स्टैंड एवं खेल के मैदानों में) के निरीक्षण हेतु समस्त नगरीय निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किया जाए। परिसर के रखरखाव, सफाई के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करे तथा वहां नहीं रहे। इस हेतु संस्थान के प्रशासनिक प्रमुख द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त की जाए। नोडल अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर प्रवेश द्वार के निकट प्रदर्शित किया जाए, (जो स्पष्ट दिखे, मिटे नहीं)। नाम पट्टिका सहित नोडल अधिकारी का फोटोग्राफ शामिल किया जाए।

### यहां नहीं घुसने दिए जाएं कुत्ते

यह भी कहा गया है कि नगरीय निकाय द्वारा बस स्टैंड, डिपो परिसर में आवारा कुत्तों के निवास या आवागमन को रोके, आवारा कुत्तों की नसबंदी, डिवार्मिंग एवं टीकाकरण हेतु पशु चिकित्सकों से कराएं।

### आवारा कुत्तों के लिए आश्रय स्थल

निर्देश है कि प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में आवारा कुत्तों के लिए सुविधायुक्त आश्रय स्थल बनाए जाने तथा पुराने शासकीय भवन बाड़ा को अस्थायी आश्रय स्थल के रूप में चिन्हांकित किया जाए अथवा आवश्यकतानुसार लो-कॉस्ट अस्थायी आश्रय स्थल बनाया जाए। संस्थाओं के परिसर में पाए जाने वाले प्रत्येक आवारा कुत्तों को तुरंत हटाने और पशु जन्म नियंत्रण निय 2023 के अनुसार नसबंदी और टीकाकरण के बाद आश्रय स्थल में स्थानांतरित करे या अन्यत्र छोड़े। किसी भी स्थिति में उसी स्थान पर वापस न छोड़ा जाए।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
उपलब्ध सुविधाएं...
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बिमारियों का ऑपरेशन
- आमाशय एवं अग्नाशय की बिमारियों का ऑपरेशन
- मलद्वार का बाहर आ जाना, हाईड्रोसील का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन, स्तन के गांव का ऑपरेशन
- तापतिल्ली (स्प्लीन वृषण ट्यूमर)
- सभी प्रकार के लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन





डॉ. देवांगन पॉल चौधरी
MBBS, MS, FMAS, FILP
OPD : 10 AM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलता पूर्वक सुना। कलेक्टर यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। जनदर्शन में अवैध अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलाने तथा उज्ज्वला योजना सहित अन्य मुद्दों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।



### सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई

**छुरिया।** तुर्रेगढ़ के शिक्षक मियन लाल मार्शल के सेवानिवृत्त होने पर बिदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी। श्रीमती वैष्णव ने श्री मार्शल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक केवल किताबें नहीं पढ़ाता बल्कि वह जीवन पढ़ाता है। श्री मार्शल ने अपने जीवन में अनेक भविष्य गढ़े हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष हिरदेराम देवांगन, जनपद सदस्य हरिला चंद्रवंशी, विमला सिन्हा, सरपंच दीपक कलामे, हिरसिंह भुआर्य, धर्मराज भुआर्य, कुंदन साहू, प्रताप गावड़े, प्रहलाददास साहू, श्रीराम भुआर्य, माधोलाल रावटे, भागीरथी नारंग आदि मौजूद थे।



### बढ़ईटोला में एनएसएस शिविर

**ठेलकाडीह।** संत गुरू घासीदास बाबा शासकीय नवीन महाविद्यालय,ठेलकाडीह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने ग्राम बढ़ईटोला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ बुधवार को सरपंच योगेश वर्मा,लोकनाथ वर्मा, सुरीतराम वर्मा, चंद्रभान वर्मा, धन्नालाल वर्मा, महेन्द्र ध्रुवे, संगीता वर्मा, सुनीता ध्रुर्वे, सोनिया मंडावी ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य एके श्रीवास्तव ने की। शुभारंभ के बाद राजकीय गीत एवं लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. लालचंद सिन्हा ने स्वयंसेवकों अनुशासन में रहकर सात दिनों तक शिविर को सफल बनाने प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डीके साहू ने रूपरेखा प्रस्तुत किया। अंत में विनय मसियारे ने आभार व्यक्त किया।



### नशे के धंधे पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** पुलिस कप्तान के निर्देश बाद भी नशे के कारोबार में अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन नकाम नजर आ रहा है। शराब दुकानों से ही कोचियों को शराब बेचने के लिए मुहैया कराया जा रहा है जो शहर के विभिन्न वार्डो में शराब बेच रहे है। जानकारी के अनुसार 80 और 110 रूपए कीमत वाली शराब 100 और 130 में बिकती थी अब 150 और 200 रूपए में बिकने लगी है। शराब के गोरखधंधे की जानकारी आबकारी विभाग और पुलिस को भी है किन्तु एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता और उससे जुडे लोगों के शामिल होने के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर की कई दुकानों व घरों में शराब बेचा जा रहा है और अधिकारी मूक दर्शक बने हुए है।

### नवीन नांदेश्वर रहा मैन ऑफ द मैच

**डोंगरगांव।** ग्राम बीरूटोला मे 2 दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में साल्हे संकुल अंतर्गत आने वाले प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों ने कबड्डी, खो खो, रस्सा कस्सी, गोली चम्मच, 80 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कुर्सी दौड़ आदि ने हिस्सा लिया। नवीन नादेश्वर ने एकल खेल में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीरूटोला प्राथमिक शाला की कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कुल 35 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें अजजा 27 सीट, अजा 4 सीट तथा अपिव- सामान्य 4 सीटें शामिल हैं। आवेदन 10 दिसंबर से 12 जनवरी तक वितरित एवं स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा 4 फरवरी को आयोजित होगी।

### आयोग अध्यक्ष 9 को आएंगे

**मोहला।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी आगामी 9 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री मंडावी दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की

## निधन



### बालाराम साहू

**जेवरतला रोड।** गिधवा निवासी बालाराम साहू का 89 वर्ष की उम्र में 2 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वह ग्राम पटेल पोषणलाल, डोमनलाल, टीकमलाल एवं दीपचंद के पिता थे।



### यशोदाबाई जैन

**डोंगरगांव।** दिगम्बर जैन समाज की वरिष्ठ महिला यशोदाबाई जैन धर्मपत्नी स्व. गुलाबचंद जैन का 4 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। वह देवेंद्र जैन, राजेश जैन, राकेश जैन एवं प्रियेश जैन की माता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता देशराज जैन, सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश जैन राही की बहन थी। उनका अंतिम संस्कार कल 5 दिसंबर को किया जाएगा। अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

---

### किरगी के किसानों में हर्ष की लहर

# पूर्व सांसद की दखल से किरगी ब के किसानों को मिलने लगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तहसील डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम किरगी ब के किसानों को अब समर्थन मूल्य में धान विक्रय करने हेतु टोकन समस्या से निजात मिल गया है। 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से ही गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन होने के बाद भी किसानों को टोकन नहीं निकल रहा था। इस आशय की शिकायत पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को मिलने के बाद उन्होंने एनआईसी नई दिल्ली में हस्तक्षेप किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम किरगी ब के किसानों का भौतिक सत्यापन एवं गिरदावरी लंबित दिखा रहा था जिससे किसी भी किसान का टोकन नहीं निकल रहा था। ग्राम किरगी ब के किसान धान नहीं बेच पा रहे थ। किसानों ने इधर-उधर भटकने के बाद जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू को अपनी समस्या बताई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जानकारी एकत्र कर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल से चर्चा कर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को किसानों की समस्या से अवगत कराया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने राज्य शासन के शीर्षस्थ अफसरों से चर्चा कर सीधे एनआईसी नई दिल्ली में हस्तक्षेप किया।



#### किसानों को मिली राहत

जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू की तत्परता से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने नई दिल्ली से तकनीकी त्रुटि को सुधार कराकर किसानों को समस्या से निजात दिलाया। अब किरगी ब के किसानों का टोकन निकलना प्रारंभ हो गया है। किरगी के किसानों सहित ग्रामीणों ने अभिषेक सिंह के अलावा कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, डिकेश साहू व मनीष साहू के प्रति कृतज्ञता जाहिर किया है।

---

# गंडई कॉलेज के खिलाड़ियों ने स्पर्धा में जीते 7 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गंडई कालेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीतकर महाविद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। महाविद्यालय के होनहार खिलाड़ी गोकुल साहू ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक और गोला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। मोहित यादव ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक, कुमारी मेरावी ने 800 मीटर की दौड़ में रजत और कांस्य पदक प्राप्त किया। कौशमी राजपूत ने लंबी कूद में रजत और कांस्य, रविशंकर पटेल ने 400 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गोकुल साहू, मोहित यादव और कुमारी मेरावी का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

### जन्मदिन पर न्योता भोज आयोजित

**रूआतला।** प्राथमिक शाला रूवातला के प्रधान पाठक बंदिश नेमपाण्डे ने अपने जन्मदिवस के मौके पर लगभग 210 बच्चों को चॉकलेट बाटा तथा न्यौता भोज के तहत वेज पुलाव एवं दाल फ्राई खिलाया। इस मौके पर प्रधान पाठक लूनकरण वर्मा, राजेश कुमार साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रीत लाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, मोहम्मद अमीन कुरैशी, तिलेश्वर वर्मा, राजेश पंचभाई, राजेन्द्र साहू, नारायणदास साहू, कलेश वर्मा, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।



---

# गीता दिखाती है जीने की राह : गांधी

### जंतर में श्रद्धा के साथ मनायी गई गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



गायत्री प्रज्ञापीठ जंतर में गीता जयंती श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों ने संगीतगय गीता का रसपान किया। कमलेश्वर तथा समस्त पटेल परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने शामिल होकर पूजा अर्चना किया और इस गीता ज्ञान का आनंद लिया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि भगवान पूर्णावतार श्री कृष्ण ने युद्ध के मैदान में अर्जुन को गीता के अनमोल वचन सुनाए थे। उन्होंने कहा कि पवित्र गीता के श्लोक 21वीं सदी में भी लोगों को जीवन की सही राह दिखाते हैं। गीता में धर्म के साथ कर्म का मर्म समाहित है। कर्म, भक्ति और ज्ञान के संगम में डुबकी लगाने वाले व्यक्ति को जीवन में सफलता मिलती है। प्रवचनकर्ता हेमंत व्यास ने गीता सार का पाठ किया गया। इस मौके पर सरपंच रुपा चन्द्रवंशी, रामसिंह पटेल, रमेश साहु, बेलस साहु, ढालसिंग चन्द्रवंशी, चेतन कोरे, महेश चक्रधारी, जयप्रकाश सिन्हा, रामगोपाल, हरीश गांधी, बंशी साहू, रामलाल, ओंगलाल, हरिराम निर्मलकर, प्रीतम विश्वकर्मा, प्रीतमदास साहू, दुष्यंत पटेल, उमेश पटेल, एमएम सोनबोईर, हीरामन पड़ौती तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# सड़क दुर्घटना में घायल की मौत बाइक चालक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ अक्टूबर में हुई थी घटना

सड़क हादसे में घायल 46 वर्षीय व्यक्ति ने रायपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर लापरवाही से वाहन चलाने वाले मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चकनार निवासी महेश साहू अपनी मोटरसाइकिल होंडा सीबी शाइन क्रमांक सीजी 08 एडी 3422 से सामान खरीदकर गत 7 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान रेस्ट हाउस गंडई के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 07 एएन 9827 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महेश साहू के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं थी। उन्हें सीएचसी गंडई में भर्ती कराया गया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल उच्च अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गत 9 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे श्री अमृतम सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल रायपुर में उनका निधन हो गया।

#### लापरवाही का आरोप

थाना राजेंद्र नगर रायपुर से मर्ग डायरी प्राप्त होने पर गंडई पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की। प्रधान आरक्षक बसंत राठिया द्वारा की गई जांच में गवाहों के कथन लिए गए, जिसमें यह पाया गया कि एचएफ डीलक्स के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) और 106 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

# कौशल विकास पर ज्यादा ध्यान दें कम्प्यूटर के विद्यार्थी



**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एके धमगाये के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।इस मौके पर प्राचार्य ने तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए छात्रों को डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप कौशल विकसित करने प्रेरित किया। डॉ सीके साहू ने कम्प्युटर संबंधित सभी कार्य स्वयं कर आत्मनिर्भर बनने की बात कही। सहायक प्राध्यापक श्वेता अग्रवाल ने इस दिवस की महत्ता की ओर ध्यान आकर्षित किया। कम्प्युटर साइंस की निहारिका शुक्ला, अलिक्स देवांगन, डॉली नेताम, लोकेश्वरी पटेल ने रिसेंट ट्रेंड ऐव्म टेक्नालाजी पर तात्कालिक भाषण प्रस्तुत किया। बीएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गयी। विजेता टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कम्प्युटर शिक्षक प्रशांत देवांगन, जितेंद्र साहू के साथ विद्यार्थी शामिल हुए।

---

# एड्स रोग दिवस को लेकर कॉलेज में कार्यक्रम, बताया बचाव का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



रेड रिबन क्लब और आइक्यूएसी के निर्देशानुसार रानी रश्मि देवी सिंह व नवीन कन्या महाविद्यालय में संयुक्त रूप से विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने एचआईवी एड्स रोग को लेकर विस्तार से प्रकाश डाला। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ जितेंद्र कुमार साखरे ने एड्स रोग से होने वाले गंभीर स्वास्थ्यगत परिणामों पर प्रकाश डाला। कार्यकम की मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ प्रीति पंकज वैष्णव ने एड्स रोग के संदर्भ में गहराई से प्राध्यापकों सहित छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान करते हुए इसके फैलाव और बचाव को लेकर सारगर्भित जानकारी दी। उन्होने स्टुडेंट्स से अपील किया कि संयमित जीवन शैली को अपनाकर इससे आसानी से बचा जा सकता है। डॉ श्रीमती वैष्णव ने कहा कि एचआईवी एड्स रोग के इलाज को लेकर लगातार अनुसंधान जारी है लेकिन इलाज पूरी तरह से खोजा नही जा सका है इसलिए केवल सावधानी रखकर ही इससे बचाव किया जा सकता है। उन्होंने इस संबंध मे छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ उमेंद चंदेल और आभार प्रदर्शन रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रो सुरेश कुमार आडवाणी ने किया। इस दौरान प्राध्यापक मनीषा नायक, डा उमेंद चंदेल, यशपाल जंघेल, सृष्टि वर्मा, मोनिका जत्ती, डॉ मेधावनी तुरे, डॉ पीके टांडिया, सौम्या गुप्ता सहित समस्त प्राध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

---

### मानपुर हास्पिटल में 16 महिलाओं की नसबंदी सर्जरी

# 90 किमी के सफर से मिली राहत जिले में शुरू हुई सिजेरियन डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. विजय खोब्रागड़े के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हो रहे हैं जिसके चलते सिजेरियन डिलीवरी सुविधा की सफल शुरुआत हो सकी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव रेफर किया जाता था, जहां पहुंचने के लिए लगभग 90 किलोमीटर लंबा सफर तय करना पड़ता था। जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रसव कक्ष और सुव्यवस्थित ऑपरेशन थिएटर ने स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित एवं त्वरित प्रसव सेवाएँ उपलब्ध करा दी गई हैं। जिले में अब तक 15 सफल सिजेरियन प्रसव किए जा चुके हैं।

#### महिलाओं को लाभ

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत एनीमिया, गर्भावस्था-प्रेरित उच्च रक्तचाप, मधुमेह, थायराइड तथा रक्त संबंधी समस्याओं जैसी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। जिले में सिजेरियन सुविधा उपलब्ध होने से ऐसी गर्भवती माताओं को सुरक्षित और विशेषज्ञ देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में 24 घंटे चिकित्सा सेवाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि गर्भवती महिलाओं को त्वरित उपचार प्राप्त हो सके। इसी क्रम में गत एक दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में एक सफल सिजेरियन डिलीवरी तथा 16 महिलाओं की नसबंदी सर्जरी की गई।

---

# एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम



**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में दो दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापक वासु दुबे ने छात्रों को एड्स के प्रसार के तरीके और बचाव के बारे में बताया। इसी तारतम्य में प्रश्नोतरी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रश्नोतरी में तृष्णा ने प्रथम, नम्रता, शशि ने द्वितीय तथा गीता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में पलक, योगेन्द्र,पायल एवं संजना क्रमश प्रथम तीन स्थान पर रहे। द्वितीय दिवस आयोजित मुख्य वक्ता चिकित्सा अधिकारी डॉ चन्द्रशेखर रावटे एवं आरएमएस भारती वर्मा ने एड्स से बचने की उपाय एवं समाज में फैली भ्रांतियों को मिटाने की बात कही। प्राचार्य ने संबोधित किया। संचालन पूजा देवांगन तथा आभार प्रदर्शन रितेश बंजारे ने किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक रविप्रकाश चतुर्वेदी, डॉ नवीन राजपूत, मासूम वर्मा,नेमु साहू, डॉ साधना देवांगन, शिवम वैष्णव,अश्विन गौतम,अंजली रामटेक्कर मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा उनके सहयोग के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की है। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया संदीप ठाकुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा चेतन साहू को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने एवं नामावली पुनरीक्षण कार्य में सहयोग के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्यनगर पालिका अधिकारी को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

### जिले में 6776 क्विंटल अवैध धान जब्त, उपार्जन केंद्रों में खपाने की थी तैयारी

# प्रशासनिक टीमें लगातार दे रही दबिश अवैध धान के विरुद्ध सख्त अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में किसानों से धान खरीदी के बीच अवैध धान की आवक रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। धान खरीदी की शुरुआत से अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। अब तक जिले में कुल 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है। पकड़े गए धान की 31 सौ रूपये के हिसाब से कीमत 2.10 करोड़ रुपए से अधिक होती है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस धान को आगे उपार्जन केंद्रों में खपाने की तैयारी थी। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य और राजस्व विभाग की टीम द्वारा अवैध धान भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी है। अब तक जिले के अलग अलग हिस्सों में अवैध भंडारण और परिवहन के मामलों में कार्रवाई करते हुए धान जप्त किया गया है। इन घटनाओं में लिप्त वाहनों को भी जप्त किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अवैध धान भंडारण और परिवहन के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वे नियमित रूप से इसकी समीक्षा कर रहे हैं। गौरतलब है कि खरीदी केंद्रों में अवैध रूप से बिक्री के लिए आने वाले धान की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। निगरानी तंत्र को मजबूत करने के साथ सीमावर्ती इलाकों में 24 चेकपोस्ट बनाकर वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ताकि दूसरे राज्यों से अवैध रूप से आने वाले धान के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। इस बीच जिले में सक्रिय कोचिए और ऐसे प्रतिष्ठान जहां धान को उपार्जन केंद्रों में खपाने के लिए अवैध रूप से भंडारित कर के रखा गया है, उनका चिन्हांकन कर वहां जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा दबिश दी जा रही है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन की टीमों द्वारा अब तक 20 से अधिक राइस मिल का भौतिक सत्यापन कर स्टॉक वेरिफिकेशन किया गया है। 16 छोटे बड़े वाहनों को अवैध धान परिवहन में लिप्त पाए जाने पर धान सहित जप्त किया गया है। वहीं 10 दुकानों और 3 गोदामों में अवैध धान भंडारण पर कार्रवाई की गई है।

**40 प्रकरणों में 6 हजार से अधिक क्विंटल धान जब्त- सचिन मरकाम**



खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि अवैध धान के किसी भी प्रकार से आवक की संभावना को रोकने प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। ताकि वास्तविक किसानों को शासन की धान खरीदी नीतियों का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि अवैध परिवहन, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कोचियों और मिलर्स से अब तक जिले में 40 अलग अलग प्रकरणों में 6776 क्विंटल अवैध धान जप्त किया जा चुका है। जिसकी कीमत 31 सौ रूपये मूल्य के हिसाब से 2.10 करोड़ रुपए है।

## कैलाश नगर स्कूल के 31 छात्राओं को सायकिल वितरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन जारी है। इसी क्रम में 4 दिसंबर 2025 को शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर, कवर्धा में 31 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य दूरदराज से आने वाली छात्राओं को सुरक्षित और सरल आवागमन उपलब्ध कराना तथा उनकी नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देना है। साइकिल मिलने से छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने बताया कि अब उन्हें पैदल कई किलोमीटर चलकर स्कूल नहीं आना पड़ेगा, समय और ऊर्जा दोनों की बचत होगी, जिससे पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे सकेंगी। एक छात्रा ने बताया कि प्रतिदिन 4 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था, लेकिन अब साइकिल मिलने से वह नियमित रूप से समय पर स्कूल पहुंच सकेगी। वहीं दूसरी छात्रा ने कहा कि दूरी अधिक होने के कारण पहले उपस्थिति प्रभावित होती थी, पर अब साइकिल मिलने से पढ़ाई में पीछे रहने की चिंता समाप्त हो जाएगी। साइकिल वितरण कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष गोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, मंडल उपाध्यक्ष कमलेश द्विवेदी और भूपेन्द्र ठाकुर, पार्षद देवकुमार साहू वार्ड 01 योगेश चंद्रवंशी, वार्ड 03 दीपक सिन्हा, वार्ड 09 बूथ अध्यक्ष संजय साहू 244 बूथ सचिव रामविलास कौशिक, मीडिया प्रभारी संजय मिश्रा, बूथ अध्यक्ष परमेश्वर साहू (242), सचिव संतोष गिरी, राजेश ठाकुर, राजेन्द्र शर्मा, प्राचार्य हेमकुमार साहू, शिक्षक राजेन्द्र चंद्रवंशी, अशोकपाल सिंह ठाकुर, पूर्व प्राचार्या सुमन धुर्वे, शिक्षिका तरुणा सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्साह से भरा रहा और छात्राओं ने शासन की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बच्चों ने जाना एक से 10 तक गिनती से पहाड़ा बनाने की विधि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक स्कूल नाऊडीह के स्कूली बच्चों ने एक से लेकर 10 तक सरल गिनती से पूरे दो से पांच तक और पांच से दस तक इसी तरह पुरे पहाड़ा बनाने के नई विधि की तरीका अभ्यास के लिए ढूंढ निकाली गई है जानकारी के अनुसार स्कूली बच्चों ने चाक और ब्लैकबोर्ड के माध्यम से एक से लेकर 10 तक सरल गिनती ब्लैक बोर्ड में लिखा जाता है फिर इसके बाद दो का पहाड़ा लिखने क्रम शुरू करते हैं ठीक लगातार गिनती लगाते रहते हैं ब्लैक बोर्ड में लिखते रहते हैं और पहाड़ा तैयार हो जाते हैं जैसे दो तीन चार पांच बच्चे गिनती लगाते रहते हैं पहाड़ा तैयार होता जाता हैं इसी तरह दो से 50 और 50 से 100 तक क्रम लगातार बना रहता है जिसमें सभी बच्चे ने बनाने के लिए हिस्सा लेते हैं और अभ्यास करते हैं कि स्कूली बच्चों ने सरल गिनती से पहाड़ा की जानकारी और तैयारी कर रहे हैं ताकि गणित के विषय में अच्छे अंक ला सके स्कूल के प्रधान पाठिका श्रीमती मनीषा ठाकुर ने बताया कि मूलभूत शिक्षा ग्रहण और सीखने से संबंधित अध्ययन अभ्यास तथा एफ एलएन हेतु तैयारी में नवाचारी गतिविधि से बच्चों ने एक से असंख्या संख्या तक की संख्याओं को पढ़ना वह पढ़ कर गिनती गिनना सीखना गिनती सीख कर अंको को जोड़ा पहाड़ा तैयार की है या पहाड़ा बनाने का एक नया रूप है जिसमें बच्चे गिनती गिन कर एक से संख्या पहाड़ा बना सकते हैं यह रटन पद्धति से बिल्कुल विपरीत प्रक्रिया है कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हर माह की 09 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं का हो रहा स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया जाता है। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को चिन्हांकित स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान संचालित किया जाता है। इस दौरान गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया जाता है। गर्भवती माताओं की खून जांच, पेशाब जांच एवं चिन्हांकित गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जिला चिकित्सालय में की जाती है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान समय रहते हो रही है, जिससे उन्हें आवश्यक उपचार का लाभ समय पर मिल पा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि विशेषकर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 09 एवं 24 तारीख को आयोजित अभियान में अवश्य भेजें। मातृत्व स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ. जीतेंद्र वर्मा ने बताया कि उच्च रक्तचाप, प्री-एक्लेमसिया, छोटा कद, खराब प्रसूति इतिहास, आयु 18 वर्ष से कम या 35 वर्ष से अधिक, रक्तस्राव, तीन से अधिक गर्भधारण, जुड़वां शिशु, मधुमेह, गुर्दा रोग, हृदय रोग, भ्रूण की गलत स्थिति, गंभीर अनीमिया जैसी स्थितियों वाली महिलाएं उच्च जोखिम की श्रेणी में आती हैं और इनका प्रसव जिला चिकित्सालय में होना आवश्यक है ताकि ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं सी-सेक्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। गर्भवती माताओं को खतरे के लक्षण जैसे योनि से स्राव, भ्रूण की कम हलचल, तेज बुखार, त्वचा का पीलापन, हाथ-पैर व चेहरे में सूजन, दौरे पड़ना, धुंधला दिखना, तेज सिरदर्द आदि की जानकारी होनी चाहिए और ऐसी स्थिति में तत्काल निकटतम एएनएम या मितानिन से संपर्क करना चाहिए।

## निरक्षर को साक्षर बनाने घर-घर लोगों को निमंत्रण कार्ड दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



शासन द्वारा चलाए जा रहे योजना उल्लास नवभारत साक्षरता महाअभियान 2025 का आयोजन विकासखंड के साथ ही साथ क्षेत्र में 7 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की गई है इस परीक्षा में ऐसे महिला पुरुष जिनका उम्र 15 वर्ष से अधिक है एवं असाक्षर है वह परीक्षार्थी के रूप में पात्र होंगे इसके लिए सभी ग्रामों के प्राथमिक प्रधान पाठकों को केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी एवं अन्य शिक्षकों को पर्यवेक्षक के रूप में चयन किया गया है वहीं पर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर जो उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के केंद्राध्यक्ष हैं उन्होंने बताया कि पेंड्रीकला एवं नवापारा मिलाकर 217 असाक्षर का सर्वे कर ऑनलाइन किया गया था। जिसमें 23 मार्च 2025 में 70 लोगों को परीक्षा में बैठाने का लक्ष्य मिला था। बाकि 147 ऐसे असाक्षर लोग इस परीक्षा महाअभियान में बैठने के लिए पात्र हैं चंद्राकर ने आगे बताया कि वह घर-घर जाकर इस परीक्षा के महत्व को बताकर सभी असाक्षरों को परीक्षा में शत प्रतिशत बैठने के लिए प्रेरित कर रहे हैं घर-घर जाकर निमंत्रण कार्ड भी दिया जा रहा है महापरीक्षा में शामिल होने के लिए उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 23 मार्च 2025 में भी इस तरह का परीक्षा आयोजन हुआ था। जिसमें जो महिला पुरुष किसी कारणवश परीक्षा नहीं दिला पाए थे वह भी इस परीक्षा में बैठ सकते हैं इस परीक्षा महा अभियान का उच्च अधिकारियों के द्वारा दौरा कर जांच भी किया जाएगा वहीं पर शासकीय प्राथमिक शाला हथमुड़ी में केंद्राध्यक्ष के रूप में श्रीमती निर्मला साहू केसली खुर्द में श्रीमती सुनीता चंद्राकर छीतापारकला में श्रीमती राजकुमारी चंद्राकर नवापारा में अशोक चंद्रवंशी रापा में श्रीमती ममता सोनी बसनी में अशोक साहू घोरपेण्ड्री में श्रीमती त्रिवेणी चंद्राकर एवं ख़ैलटुकरी में मन्नू लाल चंद्रसेन केंद्राध्यक्ष के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना ने गन्ना किसानों को 6.53 करोड़ भुगतान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देश पर कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा नियमित अंतराल पर गन्ना किसानों को भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान पेराई सीजन 2025-26 के लिए निर्धारित एफआरपी दर राशि 329.05 रूपए में से प्रथम राशि 200 रूपए प्रति क्विंटल के मान से कुल 6.53 करोड़ रूपए का भुगतान आज 30 नवंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले 2 हजार 596 कृषकों को भुगतान जारी कर दिया गया है। वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 में आज दिनांक तक 38880 मे.टन गन्ना पेराई कर 33 हजार 495 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के गन्ना किसानों की सामाजिक आर्थिक उन्नति में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना का विशेष योगदान है। कारखाना प्रबंधन द्वारा कृषकों से अपील की गई है, कि कृषक कारखाने में परिपक्व गन्ना, साफ सुथरा बिना अगवा बिना जड़ के आपूर्ति करें, ताकि कारखाने में रिकव्हरी प्रतिशत बढ़े जिसका लाभ कृषकों को मिल सके। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के द्वारा इस पेराई सीजन 2025-26 में गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को अंतराल में नियमित भुगतान की कार्ययोजना कारखाना प्रबंधन द्वारा बनाई जा रही है।

## ठंड में भी शिक्षा की राह आसान, रोसन आरम्भ ए वेलफेयर सोसाइटी ने 250 बच्चों को बांटे स्वेटर

- सूदूर वनांचल के 6 स्कूलों में हुआ बच्चों को स्वेटर वितरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



बच्चे वे भी हैं जो ठंड में स्कूल जाते है महसूस होना भी जरूरी है। इसी संवेदनशील सोच को वास्तविक रूप देते हुए आरम्भ – ए वेलफेयर सोसाइटी पटवारी सदस्य संस्थान ने चिल्फी घाटी के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में स्वेटर वितरण कर सराहनीय पहल की है। संस्थान की टीम ने सालहेवारा, शीतलपानी, खिलाही, मचियाकोंहा, माराडबरा एवं बहना खोदरा के 6 प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में पहुंचकर लगभग 250 बालक-बालिकाओं को स्वेटर वितरित किए। ठंड के कारण बच्चों की उपस्थिति पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए, शिक्षकों के सहयोग से संगठन ने यह जरूरत महसूस की कि बच्चों को ऐसी मदद दी जाए जिससे वे ठिठुरन भरे मौसम में भी बिना रुकावट स्कूल आते रहें। स्थानीय ग्रामीणों और शिक्षकों ने बताया कि कई बच्चे बिना गर्म कपड़ों के ठंड का सामना करते हैं, ऐसे में यह सहयोग उनके लिए बड़ी राहत है। स्वेटर पाने के बाद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और पढ़ने का उत्साह देखते ही बन रहा था। संगठन के सदस्यों ने कहा कि उनकी यह पहल सिर्फ स्वेटर देने भर नहीं है, बल्कि शिक्षा के प्रति बच्चों को सतत प्रेरित करने का प्रयास है। सोसाइटी का कहना है यदि ठंड बच्चों की राह में रुकावट बने, तो उन्हें वह गरमाहट देना हमारा दायित्व है जिसके वे हकदार हैं। छोटा-सा सहयोग भी उनके भविष्य में बड़ी रोशनी ला सकता है। किसी के चेहरे की मुस्कान बनिए जीवन यही है। वही कार्यक्रम में आरम्भ–ए वेलफेयर सोसाइटी, जिला कबीरधाम' की संपूर्ण टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## धान खरीदी लिमिट को बढ़ाया जाए ताकि किसानों का टोकन अधिक से अधिक कट सके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

अभी वर्तमान में धान खरीदी केंद्र में 652 क्विंटल लिमिट धान का टोकन कट रहा है व समिति द्वारा खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है टोकन के लिए धान खरीदी केंद्र में चक्कर लगाना पड़ रहा है अगर शासन-प्रशासन 652 क्विंटल धान खरीदी की लिमिट को बढ़ाया जाए ताकि अधिक से अधिक किसानों का टोकन कट सके जिससे किसानों को फायदा मिलेगा लिमिट बढ़ाने से समय से पहले धान बेचने में किसानों को फायदा मिलेगा टोकन के लिए भी राहत मिलेगा किसानों को ऑनलाइन टोकन कटने से कई किसानों को परेशानी हो रहा है कई बार तो ऑनलाइन में टोकन कट ही नहीं पा रहा है सर्वर डाउन होने के कारण घूमते रहता है अगर किसानों की समस्या को देखते हुए लिमिट बढ़ाया जाए तो टोकन के लिए किसी प्रकार का परेशानी नहीं रहेगा और अधिक से अधिक टोकन कट पाएगा।

**वनांचल की बुधवारिन के सपने को मिला नया आकार, पक्का घर बना आत्मविश्वास का आधार**

## प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से बदली किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कभी कच्ची दीवारों के बीच चिंता में गुजरने वाले दिन बरसात में टपकती छत और हर मौसम में असुरक्षा का डर इन्हीं चुनौतियों के बीच रहने वाली वनांचल गांव गुडली की श्रीमती बुधवारिन आज बिल्कुल नई जिंदगी जी रही है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने न सिर्फ उसका घर बदला है, बल्कि उसके परिवार में सुरक्षा, सम्मान और सपनों की नई शुरुआत भी कर दी है। गुडली जैसे सुदूर वनांचल में रहने वाली बुधवारिन का परिवार पहले हर मौसम से डरता था। बरसात में छत टपकती थी, गर्मी में दीवारें तपती थीं और ठंड में हवा सीधी भीतर घुस जाती थी। कच्चे घर में रहना मानो रोज का संघर्ष बन गया था। बच्चों का पढ़ना-लिखना, घर का काम, परिवार की नींद सब कुछ परेशानियों से भरा हुआ था। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने बुधवारिन के सपनों को नया आकार दिया। जब उसका नए पक्के घर का निर्माण पूरा हुआ, तो जैसे उसकी किस्मत ही बदल गई। आज वह अपने घर के सामने खड़ी होती है तो चेहरा गर्व और संतोष से चमक उठता है।

अब न बारिश की चिंता है, न तूफान का डर। मजबूत दीवारें, साफ-सुथरा आंगन और सुरक्षित ठिकाना, ये सब उसके परिवार के लिए एक नई राहत लेकर आए हैं। बच्चे अब बरामदे में निश्चिंत होकर खेलते हैं, बुजुर्ग आराम से बैठते हैं और घर का हर काम बिना चिंता के हो जाता है। यह घर सिर्फ ईट व गारे का नहीं है, बल्कि बुधवारिन की मेहनत, उसके धैर्य और सरकार की सहयोगी नीतियों से बना एक सपना है। पहली बार उसके परिवार को वह सुकून मिला है जिसकी कमी वर्षों से महसूस होती थी। अब बच्चों के लिए बेहतर माहौल है, पढ़ने-लिखने की सुविधा है और परिवार के चेहरों पर नई उम्मीदों की रोशनी दिखाई देती है। गुडली जैसे दूरस्थ गांव में एक पक्का घर, सिर्फ एक संरचना नहीं बल्कि बदलाव की शुरुआत है।

## चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के लवलेश चंद्राकर बने कुण्डा उपखण्ड अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला कबीरधाम ने विस्तार करते हुए कुण्डा अप खण्ड क्र.03 का अध्यक्ष नियुक्त किया है जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष मनहरण लाल चंद्राकर के अनुसंशा पर कबीरधाम अध्यक्ष बीरेंद्र चंद्राकर ने जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज कार्यसमिति गठन का विस्तार करते हुए

कुण्डा निवासी लवलेश चंद्राकर को कुण्डा उपखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति समाज के प्रति दिए योगदान को देखते हुए किया। लवलेश चंद्राकर ग्राम पंचायत कुण्डा में लगातार 25 वर्षों से पंच पद पर विराजमान है

लवलेश चंद्राकर के उप खण्ड अध्यक्ष बनने पर पूर्व विधायक लोरमी बैजनाथ चंद्राकर पूर्व विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर नंदलाल चंद्राकर जिला अध्यक्ष बीरेंद्र चंद्राकर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोहर चंद्राकर महादेव चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत कबीरधाम अन्नपूर्णा चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत लेखनी चंद्राकर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ एवं सरपंच कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर, ध्वजाराम चंद्राकर, सुकृत राम कृष्णा चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, वागीश चंद्राकर मुरली चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर सहित चंद्राकर बंधुओं ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी।

## सार समाचार

### लोगों को बेघर करना उचित नहीं : ओस्तवाल



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने महापौर, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से मांग करते कहा कि चंद बिल्डरों को लाभ पहुंचाने गंज चौक से कन्हारपुरी के लोगों को बेघर करना उचित नहीं। श्री ओस्तवाल ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार बनने के बाद से आम गरीब जनता पर कानून का खौफ दिखाकर हजारों गरीबों के मकानों को ध्वस्त कर जो चंद बिल्डरों की बड़ी कालोनी को विकसित करने के जिस उद्देश्य से गंज चौक से लेकर कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण की जो योजना लाई गई है, उसका खुलासा शहर की आम जनता के सामने होना चाहिए।

### निर्माण कार्य के लिए लाखों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुगलानी में पानी टेंकर 5000 लीटर कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए एवं ग्राम बागरेकसा में बाजार चौक रंगमंच में टीन शेड निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए कुल 4 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### दिग्विजय कॉलेज और आईबी ग्रुप के मध्य एमओयू

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं आईबी ग्रुप के मध्य विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं अकादमिक क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों संस्थान के मध्य समझौता (एमओयू ) किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महिश्वर एवं आईबी ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंजुम अल्वी द्वारा एमओयू समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को पूरा किया गया। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि दोनों संस्थानों के मध्य इस समझौते से महाविद्यालय के छात्रों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे व नई शिक्षा नीति के तहत छात्र-छात्राएं इर्न्टनशिप का लाभ उठा पाएंगे। आईबी ग्रुप के अधिकारी महा. में छात्रों के मध्य अपने औद्योगिक अनुभव को भी साझा कर पाएंगे। महाविद्यालय शैक्षणिक संस्थान है, इसलिए समस्त शैक्षणिक तथा औद्योगिक संस्थान में इर्न्टनशिप को ध्यान में रखते यह समझौता दोनों ही संस्थान के लिए बहुत लाभदायक होगा। दोनों ही संस्थान अपने अलग-अलग संरचना के कारण पृथक होते हुए भी एमओयू द्वारा एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे।



### जल स्वच्छता व फसल संगोष्ठी का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में भू-जल स्तर में निरंतर आ रही कमी एवं ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के पूर्वानुमान एवं जिले के सेमी कीटिकल जोन पानी के गंभीरता के स्तर को ध्यान में रखते मिशन जला रक्षा अंतर्गत 01 दिसंबर को ग्राम पंचायत सलोनी में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी एवं नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन किया गया। पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव, नोडल अधिकारी अनिल सोनवानी जनपद पंचायत डोंगरगढ़, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच ग्राम पंचायत सलोनी, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजन, किसान, महिला स्व सहायता समूह की दीदिया शामिल हुई। कार्यक्रम में फसल चक्र परिर्वतन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, नूजल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधित गतिविधियों को बढ़वा दिए जाने संबधित चर्चा हुई। साथ ही ग्राम पंचायत सलोनी में रबी फसल में धान के बदले अन्य कम पानी वाले फसल लिए जाने संबंधित प्रस्ताव ग्रामसभा की बैठक में पारित किया गया।



### कांग्रेस प्रवक्ता चरणजीत का धरा रह गया बड़बोलापन



**राजनांदगांव।** भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कांग्रेस के अध्यक्ष चयन के मामले में भूमि पुत्रों कार्यकर्ताओं के बजाय नेता पुत्रों का चयन किए जाने पर फब्तियां कसते कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता चरणजीत का बड़बोलापन धरा का धरा रह गया। कांग्रेस ने एक बार फिर से अपने परिवारवाद के पोषक होने का ठप्पा बरकरार रखा है। कांग्रेस ने शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के मामले में हाथी के खाने के दांत और दिखाने के दांत के कहानी-किस्से को चरितार्थ किया है।

### 5781 किसानों द्वारा 481.87 हेक्टेयर रकबा समर्पण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिसके अंतर्गत राज्य में सर्वाधिक रकबा समर्पण कार्य राजनांदगांव जिले में किया गया है। जिले में कुल 131437 कृषकों द्वारा कुल 149402.17 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया गया है। जिले में अब तक कुल 23374 किसानों द्वारा 119360 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया गया है। जिसमें से 5781 किसानों द्वारा 481.87 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है।



जिला प्रशासन द्वारा रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के अन्य धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को रकबा समर्पण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र कुहीकला के समिति प्रबंधक हरनारायण रामटेके, धान उपार्जन केन्द्र जोशीलमती के समिति प्रबंधक गणपतराम सिन्हा एवं धान उपार्जन केन्द्र गहिराभेडी के समिति प्रबंधक बसंत कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### जिला पेंशनर्स एसोसिएशन ने एसपी से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** जिला पेंशनर्स एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन, महासचिव केपी सिंह, संगठन सचिव एनएल देवांगन एवं तहसील अध्यक्ष बीटी वाल्दे के साथ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा से भेंट किया।



## शिकायत पर दर्जनभर मवेशी पकड़ पहुंचाया रेवाडीह कांजी हाउस

# निगम की टीम ने पकड़े 14 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मवेशी धरपकड़ अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने दो दिन में 14 मवेशियों को पकड़ा। वहीं निदान 1100 में प्राप्त शिकायत पर दर्जनभर मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया।



नगर निगम की घुमंतू मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई के तहत गत दिवस कल गंज चौक, बसंतपुर जिला अस्पताल, क्लब चौक, कमला कॉलेज चौक, आरके नगर से घुमंतू एवं बैठे 8 मवेशी तथा आज सहदेव नगर, गौरव पथ, महेश नगर, गंज मंडी के सामने, महामाया चौक से 6 घुमंतू बैठे मवेशियों को पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है। इसी प्रकार निदान 1100 में आमजनों द्वारा किए गए शिकायत के आधार पर शहर के विभिन्न स्थानों से 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह काजी हाउस में रखा गया है, जहां से उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोडा जाएगा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिकों से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घूमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्रवाई करते अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा।

#### कांजी हाऊस पहुंचाया

मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है। अभियान के तहत आज व कल चौक-चौराहों में 14 घुमंतू एवं बैठे मवेशी पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुंचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया।

#### दी जा रही समझाईश

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम में टीम गठित किए। गठित टीम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है। समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड़ देते है, उन पर अब अर्थदंड अधिरोपित कर मवेशी छोडने की कार्रवाई की जाती है।

### मेढ़ा धान खरीदी प्रभारी कार्य से पृथक

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा के धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को धान उपार्जन कार्य में अनियमितता पाए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नायब तहसीलदार द्वारा धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा द्वारा ग्राम पिपरिया के कृषक लिखन कंवर को धोखे में रखकर उनके कृषक धान पंजीयन के विरूद्ध अवैध धान विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके कारण ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। साथ ही प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करते धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बाइक में सवार होकर जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हालमकोडो निवासी ओमकार नेताम एवं निकलेश हरामे अपनी बाइक से 3 दिसंबर की शाम 6 बजे अंबागढ़ चौकी आए हुए थे। अंबागढ़ चौकी से बाइक में तीन लोग सवार होकर वापस हालमकोडो जा रहे थे। वे रात लगभग साढ़े 10 बजे के आसपास ग्राम हाथीकन्हार के पास ढाबा व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीच अंबागढ़ चौकी से चिल्हाटी जाने वाली रोड में अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार तीनों को चोंट आया। घायलों को डायल-112 से सीएचसी अंबागढ़ चौकी ले जाया गया, जहां ओमकार नेताम व निकलेश हरामे को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बाइक सवार एक अन्य घायल है, जिसे उपचार हेतु राजनांदगांव रिफर किया गया है। दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ठंड से बचने 6 स्थानों पर अलाव

■ महापौर ने ठंड से बचने सावधानी बरतने नागरिकों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





नगर निगम द्वारा शीत ऋतु में नगर के निर्धनों एवं श्रमिकजनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अलाव की सुविधा मुहैया कराई जाती है। इसी कड़ी में ठंड के प्रारंभ से पुराना बस स्टैंड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेलवे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अब अत्याधिक ठंड पड़ने पर 3 अतिरिक्त स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गई है।

अलाव जलाने के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अत्याधिक ठंड को ध्यान में रखते राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीतलहर से बचाने नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पुराना बस स्टैंड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेलवे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। वर्तमान में अत्याधिक ठंड पड़ने पर महापौर मधुसूदन यादव के निर्देशानुसार अलाव की संख्या में वृद्धि कर 3 अतिरिक्त स्थान पेंड्री मेडिकल कॉलेज, सिविल लाइन तथा चिखली में भी अलावा जलाया जा रहा है। आवश्यकतानुसार अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिए अलाव की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाए रखने के निर्देश प्रभारी को दिए हैं। अत्याधिक ठंड पड़ने पर महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील करते कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, इसलिए रात्रि में अनावश्यक घर से बाहर न निकले, किसी कारणवश बाहर निकलने पर गरम कपड़ा पहने, मफलर एवं टोपी लगाएं। सर्दी, खासी, बुखार होने तथा ठंडी से अन्य किसी प्रकार की तबीयत खराब होने की स्थिति में डॉक्टरी परीक्षण कराएं। उन्होंने फ्लाई ओवर के नीचे अस्थाई रहवासियों से भी कहा कि ठंड से बचने वे निगम के रैनबसेरा में जाकर रहे।

## जिला जीवनदीप समिति में सांसद ने किया हरीश को प्रतिनिधि नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित गतिविधियों और जीवनदीप समिति की बैठकों में सांसद की ओर से अब एक नया प्रतिनिधि जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके लिए सांसद ने औपचारिक रूप से नामांकन जारी किया है।

जिला राजनांदगांव अंतर्गत जिला स्तरीय जीवनदीप समिति की सभी बैठकों तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त कार्यों में भागीदारी के लिए सांसद ने अपने प्रतिनिधि के रूप में हरीश शर्मा को अधिकृत किया है। जारी पत्र में सांसद ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में जीवनदीप समिति की सभी बैठकें, विभागीय कार्यवाहियां तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में हरीश शर्मा उनकी ओर से उपस्थित रहेंगे और आवश्यक सुझाव एवं सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

सांसद ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि आगामी सभी बैठकों की सूचना सांसद कार्यालय के साथ-साथ हरीश शर्मा को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए, ताकि प्रतिनिधि समय पर बैठकों में भाग ले सकें। हाईनलेवल स्वास्थ्य नीति और जिला स्तरीय निर्णयों में यह प्रतिनिधित्व जिले के स्वास्थ्य प्रबंधन को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एसआईआर पुनरीक्षण फार्म भरने लखोली में सहायता शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तहत शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र वार्ड नंबर 32 के अंतर्गत आने वाले मोहल्ले राहुल नगर, विकास नगर, राजीव नगर एवं जनता कालोनी में जगह-जगह चौपाल लगाकर बीएलओ द्वारा वितरित गणना पत्रक फार्म को भरने मदद की जा रही है।



पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने बताया कि इस संबंध में महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा लगातार बैठक लेकर प्रगति की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने संबंधित बूथों के बीएलओ एवं प्रभारियों को कहा कि मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची तैयार करें। गणना पत्रक फार्म वितरण पश्चात वापसी की संख्या कम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखकर कार्य करें। ज्ञात हो कि पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर द्वारा मतदाताओं के सुविधा के लिए वार्ड के प्रमुख चौक-चौराहे पर फार्म भरने हेतु लगातार सहायता शिविर लगाया जा रहा है। जिससे लोगों का अच्छा लाभ मिल रहा है। शिविर में अन्य वार्ड के मतदाता भी अपने फार्म भरवाने एवं 2003 की सूची प्राप्त करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। बता दें कि इस एसआईआर पुनरीक्षण फार्म भरने हेतु लगाए जा रहे सहायता शिविर में मतदाताओं को ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ रहा है और जल्द काम पूरा हो जा रहा है । इससे उन्हें राहत मिल रही है।

### नवनियुक्त प्राचार्य का स्वागत



**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 28 नवंबर को नवनियुक्त प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने पदभार एवं कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर स्टॉफ ने प्राचार्य को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रार्थना सभा में थंगेश्वर साहू द्वारा छात्र-छात्राओं को नवनियुक्त प्राचार्य के बारे में परिचय कराया। बच्चों ने तालियों से स्वागत सम्मान किया। इसी कड़ी में व्याख्याता अशीम यदु द्वारा नवनियुक्त प्राचार्य अय्यर के बारे में संक्षिप्त परिचय बताते उनका स्वागत सम्मान किया गया। प्राचार्य अय्यर द्वारा स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को अपना परिचय बताते सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर अशीम यदु, अनुराधा ढोक, थंगेश्वर साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, रेखा मुरकुटे, नोहर दास लिलहारे, पालकराम वर्मा, सरोज भुआर्य, हरिचंद यादव, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू आदि की उपस्थिति रही।

## शहर में बनी वेब सीरीज मनुष्य, ओटीटी प्लेटफार्म पर होगी रिलीज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युवा फिल्मकार लक्ष्य नीरज गुप्ता की वेब सीरीज़ मनुष्य व्वेस ओटीटी के माध्यम से रिलीज़ हो रही है। इस वेब सीरीज को लेकर फिल्म के डायरेक्टर लक्ष्य नीरज गुप्ता ने बताया कि इस वेब सीरीज की 90 प्रतिशत से अधिक शूटिंग राजनांदगांव शहर में हुई। वहीं यहां के स्थानीय लोगों को भी इसमें अभिनय का अवसर मिला है । वहीं इस वेब सीरीज में कई नामी कलाकार भी हैं, जो बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि इस सीरीज़ का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया, गोवा फिल्म फेस्टिवल में निर्धारित किया गया है। वहीं यह फिल्म ओटीटी के माध्यम से विश्व के 181 देशों तक पहुंचेंगी। इस फिल्म का निर्माण त्रिपुरसुंदरी चलचित्रम् प्राइवेट लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा किया गया है। जिसके निर्देशक एवं लेखक लक्ष्य नीरज गुप्ता हैं। वहीं प्रोड्यूसर शैफाली नीरज गुप्ता, सीरीज़ की को-प्रोड्यूसर निशा गुप्ता और शैव्य गुप्ता हैं तथा क्रिएटिव प्रोड्यूसर की जिम्मेदारी शंख अग्रवाल ने निभाई है।

#### सात एपिसोड में बनी फिल्म

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि इस फिल्म में बॉलीवुड में विलेन की भूमिका निभाने वाले मशहूर कलाकार राहुल देव, अशोक पाठक, चंदन राय जैसे कलाकार शामिल हैं। वहीं यह फिल्म सात एपिसोड में बनाई गई है, जिसे प्रसार भारती के प्लेटफार्म के माध्यम से रिलीज किया जा रहा है।

पृष्ठ 11 का शेष

### जनप्रतिनिधियों की सहमति...

उक्त स्थान पर वर्तमान में वृक्ष नहीं होने के कारण फेंसिंग का उपयोग नहीं हो पा रहा था, जिसे ग्रामीणों के सुझाव एवं पीआईसी में निर्णय उपरांत नगर में घूम रहे आवारा पशुओं की व्यवस्था हेतु उक्त स्थान पर लगे फेंसिंग को गौठान में लगवाया गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि उक्त वृक्षारोपण वर्ष 2021-22 में हुआ था। इसके बाद ही अधिकांश पौधे मर चुके थे और वर्तमान में वहां पर तार फेंसिंग की आवश्यकता नहीं थी, जिसे मवेशियों से सुरक्षा के लिए गौठान में लगवाया गया है।

## प्रतीक बने आबकारी उप निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शांति विजय रेसीडेंसी सृष्टि कालोनी निवासी प्रकाश महोबिया के ज्येष्ठ पुत्र प्रतीक महोबिया का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर हुआ है। प्रतीक महोबिया लोक सेवा आयोग छग द्वारा आयोजित परीक्षा में 85वां रैंक अर्जित कर तीसरे प्रयास में प्राप्त किया है। प्रतीक महोबिया की माता श्रीमती इंदु महोबिया गृहिणी एवं छोटा भाई ऋतिक महोबिया शासकीय मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत है। प्रतीक शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। महोबिया के ज्येष्ठ पुत्र प्रतीक महोबिया की इस उपलब्धि पर कालोनीवासियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं। अशोक नागवंशी, निर्मल शर्मा, अरुण राव, जितेन्द्र हिरवानी, चमन निषाद, नेमुक साहू, ऋतुराज, रानी, दिग्विजय, अमित लाल आदि ने बधाई दी है।

## शहर के बीच राजगामी की जमीन पर अवैध उत्खनन

■ कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ऐतिहासिक रानीसागर के समीप गौरवपथ स्थित मेजर ध्यानचंद चौक पर अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। जिसको लेकर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री द्वारा मामले की शिकायत करते हुए अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि स्थानीय नागरिकों की सूचना पर आज सुबह जब वह मौके पर पहुंचे तो यहां लगभग 500 से अधिक ट्रिप मिट्टी अवैध रूप से निकाला जाना प्रतीत हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद मामले की शिकायत राजगामी सीईओ एवं एडिशनल कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा से करते हुए अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



#### कई दिनों से हो रहा खनन

आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ दिनों से जेसीबी, हाईवा और ट्रैक्टर के माध्यम से यहां खनन किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि सुबह से देर रात तक कई ट्रिप मिट्टी निकालकर इसे बायपास रोड के आसपास किसी प्लाटिंग में डाला जा रहा था। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से अवैध उत्खनन में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

#### शहर के बीच अवैध उत्खनन

लंबे समय से जिले में खनिज विभाग प्रभारी खनिज अधिकारी चल रहा है। जिसके चलते अवैध उत्खनन जिलेभर में जोरों पर है। वहीं खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के अभाव में अब खनन माफिया शहर के बीच भी सक्रिय होकर अवैध खनन करने में लगे हुए है। खनिज माफियाओं के खिलाफ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी, राहुल साहू, उमाशंकर सारथी, दिनेश मेश्राम, अशोक सोनकर, उमेश मेश्राम, गौकरण यादव, सुनील यादव, प्रेमु निषाद, गोलू राव मोहिते, संतोष सारथी, हना राव, अरूण वासनिक सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।



# कौशल विकास पर ज्यादा ध्यान दें कम्प्यूटर के विद्यार्थी



**डोंगरगांव।** डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ एके धमगाये के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष श्वेता अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्राचार्य ने तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने पर जोर देते हुए छात्रों को डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप कौशल विकसित करने प्रेरित किया। डॉ सीके साहू ने कम्प्युटर संबंधित सभी कार्य स्वयं कर आत्मनिर्भर बनने की बात कही। सहायक प्राध्यापक श्वेता अग्रवाल ने इस दिवस की महत्ता की ओर ध्यान आकर्षित किया। कम्प्युटर साइंस की निहारिका शुक्ला, अलिक्स देवांगन, डॉली नेताम, लोकेश्वरी पटेल ने रिसेंट ट्रेंड ऐब्म टेक्नालाजी पर तात्कालिक भाषण प्रस्तुत किया। बीएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गयी। विजेता टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कम्प्युटर शिक्षक प्रशांत देवांगन, जितेंद्र साहू के साथ विद्यार्थी शामिल हुए।

## कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलता पूर्वक सुना। कलेक्टर यादव ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। जनदर्शन में अवैध अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलाने तथा उज्ज्वला योजना सहित अन्य मुद्दों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### किरगी के किसानों में हर्ष की लहर

# पूर्व सांसद की दखल से किरगी ब के किसानों को मिलने लगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तहसील डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम किरगी ब के किसानों को अब समर्थन मूल्य में धान विक्रय करने हेतु टोकन समस्या से निजात मिल गया है। 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद से ही गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन होने के बाद भी किसानों को टोकन नहीं निकल रहा था। इस आशय की शिकायत पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को मिलने के बाद उन्होंने एनआईसी नई दिल्ली में हस्तक्षेप किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम किरगी ब के किसानों का भौतिक सत्यापन एवं गिरदावरी लंबित दिखा रहा था जिससे किसी भी किसान का टोकन नहीं निकल रहा था। ग्राम किरगी ब के किसान धान नहीं बेच पा रहे थ। किसानों ने इधर-उधर भटकने के बाद जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू को अपनी समस्या बताई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जानकारी एकत्र कर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल से चर्चा कर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को किसानों की समस्या से अवगत कराया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने राज्य शासन के शीर्षस्थ अफसरों से चर्चा कर सीधे एनआईसी नई दिल्ली में हस्तक्षेप किया।



### किसानों को मिली राहत

जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू की तत्परता से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने नई दिल्ली से तकनीकी त्रुटि को सुधार कराकर किसानों को समस्या से निजात दिलाया। अब किरगी ब के किसानों का टोकन निकलना प्रारंभ हो गया है। किरगी के किसानों सहित ग्रामीणों ने अभिषेक सिंह के अलावा कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, डिकेश साहू व मनीष साहू के प्रति कृतज्ञता जाहिर किया है।

# गंडई कॉलेज के खिलाड़ियों ने स्पर्धा में जीते 7 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गंडई कालेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीतकर महाविद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। महाविद्यालय के होनहार खिलाड़ी गोकुल साहू ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक और गोला फेंक में कांस्य पदक प्राप्त किया। मोहित यादव ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक, कुमारी मेरावी ने 800 मीटर



की दौड़ में रजत और कांस्य पदक प्राप्त किया। कौशमी राजपूत ने लंबी कूद में रजत और कांस्य, रविशंकर पटेल ने 400 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर गोकुल साहू, मोहित यादव और कुमारी मेरावी का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## जन्मदिन पर न्योता भोज आयोजित

**रूआतला।** प्राथमिक शाला रूवातला के प्रधान पाठक बंदिश नेमपाण्डे ने अपने जन्मदिवस के मौके पर लगभग 210 बच्चों को चॉकलेट बाटा तथा न्यौता भोज के तहत वेज पुलाव एवं दाल फ्राई खिलाया।



इस मौके पर प्रधान पाठक लूनकरण वर्मा, राजेश कुमार साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रीत लाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, मोहम्मद अमीन कुरैशी, तिलेश्वर वर्मा, राजेश पंचभाई, राजेन्द्र साहू, नारायणदास साहू, कलेश वर्मा, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

# अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बना ग्रामीणों के लिए मददगार

### प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि अब गांव में ही उपलब्ध, समय–धन–श्रम की बचत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रामीण अंचलों में बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र आज ग्रामीणों के लिए बड़ी सुविधा बनकर उभरे हैं। इन केंद्रों ने न केवल आर्थिक सेवाओं को सुलभ बनाया है, बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की राशि भी लाभार्थियों को गांव में ही नगद उपलब्ध करा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को बैंक जाने का समय, किराया और दिक्कतें सभी से छुटकारा मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और जनमन आवास योजना के तहत मिलने वाली 1.20 लाख से 2 लाख रुपये की राशि किस्तों में लाभार्थियों के खाते में जारी होती है। पहले यह राशि निकालने ग्रामीणों को 10–20 किमी दूर बैंक जाना पड़ता था, जिससे पूरा दिन खराब हो जाता और खर्च भी बढ़ता। लेकिन अब आधार आधारित लेनदेन (AEPS) के माध्यम से यह सुविधा गांव में ही उपलब्ध है।




### जिले अब तक 16 करोड़ से अधिक का भुगतान-सीईओं अजय त्रिपाठी

श्रीमती दूरपति कार्तिक, ग्राम भोंदा उन्होंने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से 25,000 रुपये निकाले। उन्होने बताया कि पहले बोड़ला जाना पड़ता था, समय और खर्च दोनों ज्यादा होता था। अब गांव में ही अंगूठा लगाकर पैसा मिल जाता है। रूप किशोर, ग्राम भोंदा अभी तक 28,000 रुपये निकाल चुके हैं। कहते हैं उम्र अधिक होने से बार-बार आने-जाने में दिक्कत होती थी। अब गांव में ही सुविधा मिलने से राहत मिली है। श्रीमती बीना बाई, ग्राम भोंदा उन्होंने भी 30,000 रुपये निकाले। उनका कहना है 7 से 8 किमी दूर बैंक जाना मुश्किल था। अब गांव में पैसा मिलने से समस्याएँ खत्म हो गईं। वहीं जिले में अब तक 16 करोड़ से अधिक का भुगतान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले में 307 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित हो रहे हैं, जहां क्यूसेक व डिजी-पे के माध्यम से वीएलई बैंकिंग सेवाएं दे रहे हैं। अब तक इन केंद्रों के माध्यम से 62,618 ट्रांजैक्शन कर 16 करोड़ 74 लाख रुपये से अधिक की राशि ग्रामीणों को दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकतर लाभार्थी अपने गांव में ही आसानी से नगद राशि प्राप्त कर रहे हैं। इसका सीधा लाभ महिलाओं, बुजुर्गों और दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को मिल रहा है। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ने ग्रामीणों की आर्थिक परेशानियाँ कम करते हुए उन्हें बैंकिंग सेवाओं का वास्तविक लाभ घर के पास ही उपलब्ध कराया है यही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

## नवीन नांदेश्वर रहा मैन ऑफ द मैच

**डोंगरगांव।** ग्राम बीरूटोला मे 2 दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में साल्हे संकुल अंतर्गत आने वाले प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों ने कबड्डी, खो खो, रस्सा कस्सी, गोली चम्मच, 80 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कुर्सी दौड़ आदि ने हिस्सा लिया। नवीन नादेश्वर ने एकल खेल में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीरूटोला प्राथमिक शाला की कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**मोहला।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कुल 35 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें अजजा 27 सीट, अजा 4 सीट तथा अपिव-सामान्य 4 सीटें शामिल हैं। आवेदन 10 दिसंबर से 12 जनवरी तक वितरित एवं स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जनवरी निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा 4 फरवरी को आयोजित होगी।

## आयोग अध्यक्ष 9 को आएंगे

**मोहला।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी आगामी 9 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री मंडावी दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

# सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, बाइक चालक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ अक्टूबर में हुई थी घटना

सड़क हादसे में घायल 46 वर्षीय व्यक्ति ने रायपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर लापरवाही से वाहन चलाने वाले मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चकनार निवासी महेश साहू अपनी मोटरसाइकिल होंडा सीबी शाइन क्रमांक सीजी 08 एडी 3422 से सामान खरीदकर गत 7 अक्टूबर को शाम करीब 5 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान रेस्ट हाउस गंडई के पास विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 07 एएन 9827 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महेश साहू के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं थी। उन्हें सीएचसी गंडई में भर्ती कराया गया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल उच्च अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गत 9 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे श्री अमृतम सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल रायपुर में उनका निधन हो गया।

### लापरवाही का आरोप

थाना राजेंद्र नगर रायपुर से मर्ग डायरी प्राप्त होने पर गंडई पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की। प्रधान आरक्षक बसंत राठिया द्वारा की गई जांच में गवाहों के कथन लिए गए, जिसमें यह पाया गया कि एचएफ डीलक्स के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) और 106 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## नशे के धंधे पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** पुलिस कप्तान के निर्देश बाद भी नशे के कारोबार में अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन नकाम नजर आ रहा है। शराब दुकानों से ही कोचियों को शराब बेचने के लिए मुहैया कराया जा रहा है जो शहर के विभिन्न वार्डों में शराब बेच रहे है। जानकारी के अनुसार 80 और 110 रूपए कीमत वाली शराब 100 और 130 में बिकती थी अब 150 और 200 रूपए में बिकने लगी है। शराब के गोरखधंधे की जानकारी आबकारी विभाग और पुलिस को भी है किन्तु एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता और उससे जुडे लोगों के शामिल होने के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर की कई दुकानों व घरों में शराब बेचा जा रहा है और अधिकारी मूक दर्शक बने हुए है।

# सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से बच्चे सीख रहे अक्षर, मात्रा ज्ञान और अंकीय गुण



**हरिभूमि न्यूज बरबसपुर।** सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से सीख रहे अभ्यास बच्चे सीख रहे हैं अक्षर व मात्रा ज्ञान और अंक की अभ्यास की गुण जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी में सहायक शिक्षण सामग्री के मध्यम से सभी विषय को सिखाने का अभ्यास कराया जा रहा है चार्ट विधि के माध्यम से बच्चों को मात्रा ज्ञान तीन शब्दों को जोड़कर पढ़ना अक्षर ज्ञान जोड़ मशीन के माध्यम से जोड़ सीखना तथा जोड़ना घटाना गुणा भाग दशमलव तथा हिंदी गणित अंग्रेजी सामाजिक विज्ञान पर्यावरण इत्यादि विषयों की अध्ययन कराया जा रहा है ताकि नौनिहाल बच्चों अच्छे प्रदर्शन कर अच्छे अंक विषयों में ला सके जिसकी तैयारी प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा सहायक शिक्षक श्रीमती यशोधरा धुर्वे ने बच्चों के अभ्यास की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# 66 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

सरकार के महत्वाकांक्षी योजना निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी विकासखंड पंडरिया में 66 छात्राओं को विद्यालय के अध्यक्ष द्वारका विश्वकर्मा ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पार्वती मसराम लोकेश यादव ग्राम पंचायत सचिव एवं विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती हेमलता टंडन के हाथों प्रदान की गई। छात्राएं साइकिल पाकर बहुत ही खुश नजर आए इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती हेमलता टंडन व्याख्याता आर एन राजपूत ,हीरालाल छापरिया राजेश शर्मा मनोज आदित्य तुलस चंद्राकर कोमल धृतलहरे यशवंत कुंभकार हरीश यादव तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने प्रदीप कैवर्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठननात्मक नियुक्ति की है



प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रकोष्ठो के संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की है प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमोदन से छत्तीसगढ़ में मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप के कार्य एवं अनुभव एवं पार्टी के प्रति ईमानदारी निष्ठा पूर्वक कार्य को देखते हुए मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक के लिए नियुक्त किया है जिससे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं समाज में खुशी की लहर है प्रदेश संयोजक बनने पर छत्तीसगढ़ से बधाई देने के लिए लगातार बधाई संदेश मिल रहा है प्रदीप ने चर्चा में बताया की जो पार्टी प्रमुख द्वारा मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर महत्वपूर्ण दायित्व देकर जो भरोसा किया है उसे मैं पूरी ईमानदारी से एवं निष्ठा पूर्वक निभाऊंगा।

## निधन

### कृष्णा चंद्राकर



**हरिभूमि कुण्डा** ग्राम पंचायत कुण्डा के सरपंच हरेंद्र चंद्राकर के पिता कृष्णा चंद्राकर का गुरुवार प्रातः 8 बजे उनकी खराब तबीयत के चलते आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे।स्वभाव से सरल, मिलनसार और सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले श्री चंद्राकर गांव के वरिष्ठजनों में गिने जाते थे। ग्रामीणों के बीच उनकी एक सम्मानित पहचान थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय निजी मुक्तिधाम में संपन्न हुआ, जहां परिवारजनों सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने उपस्थित होकर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। वे अपने पीछे तीन पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### शाला परिवार एवं ग्रामजनों ने किया आत्मीय स्वागत

# नवीन प्राचार्य बिरेंद्र कुमार ने ग्रहण किया कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरका में सोमवार को बीरेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने नवनियुक्त प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करते ही विद्यालय परिवार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्राचार्य चंद्रवंशी का स्वागत प्रभारी प्राचार्य संजय केवर्थ, व्याख्याता राजेश शर्मा, रितेंद्र वर्मा सहित विद्यालय के सभी व्याख्याताओं एवं सहकर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

इसी दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू पटेल, सरपंच प्रतिनिधि युवराज जायसवाल, एवं सदस्य संतोष, लोचन सहित अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने तिलक लगाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया। नवीन प्राचार्य के प्रथम शाला आगमन के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक, माध्यमिक तथा प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व शाला में उनके साथ कार्य कर चुके शिक्षक नरेंद्र सर्वे, भूपेन्द्र चंद्रवंशी एवं रामगुलाम पटेल भी विशेष रूप से पहुंचे और नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य चंद्रवंशी ने कहा कि वे विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और छात्र-हितोन्मुख वातावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में शाला नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर होगी।



# हरिनछपरा के सभी वार्ड में नाली निर्माण का कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

नाली निर्माण का कार्य जोरों से अब हरिनछपरा के सभी वार्ड नंबर की गलियां की तस्वीर सिंधु घाटी सभ्यता जैसे बदलने वाले हैं लोगों को मिलेगी बड़ी राहत और आपसी वाद-विवाद से भी मिलेगी राहत बोड़ला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में नाली निर्माण का कार्य जोरों से चल रही है गांव की गलियों में नाली और सीसी निर्माण हेतु 19 लाख 60 हजार रुपए की स्वीकृति राशि प्रदान की गई है स्वीकृति राशि मिलते ही ग्राम पंचायत हरिनछपरा के सरपंच श्रीमती रेखा धुर्वे ने गाँव के गलियों में नाली निर्माण का कार्य जोरों से कराया जा रहा है नाली निर्माण होने के बाद अब गांव की तस्वीर सिंधु घाटी की सभ्यता जैसा बदलने वाले हैं बता दे की 24 घंटे घरों से निकलने वाले गंदे पानी बीचों-बीच गलियों में बह रहे थे गांव के सभी गालियां और वार्ड बरसात जैसी माहौल थी जिनके कारण से बदबू उड़ रहे थे लोग परेशान थे और आपस में लोग लड़ाई और विवाद भी हो रहे थे इसे भी निजात मिलेगी और लोगों का आना-जाना मुश्किल हो रहे थे अब बरसात और गर्मी के दिनों में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

